सांवरे से मिलने का | By Dheerendra Shrivastava

सांवरे से मिलने का सत्संग ही बहाना है
जबसे तेरी लगन लगी दिल हुआ दीवाना है

जबसे तुम्हे देखा है तबसे तुम्हे चाहा है
श्याम तेरी मुरली का दिल हुआ दीवाना है
सांवरे से मिलने का सत्संग ही बहाना है

सबसे नाता तोड़ लिया तुमसे नाता जोड़ लिया
श्याम तेरे चरणों में अब जीना और मरना है
सांवरे से मिलने का सत्संग ही बहाना है

तुम ही मेरे प्राण पिया तुम ही मेरे संग सखा
दुनिया वाले क्या जाने मेरा नाता पुराना है
सांवरे से मिलने का सत्संग ही बहाना है

मंदिरों में ढूंढा तुम्हे जंगलो में ढूंढा तुम्हे
संतों की महफ़िल में मेरे श्याम का ठिकाना है
सांवरे से मिलने का सत्संग ही बहाना है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be-by-dheerendra-shrivastava/